**पत्रांक संख्या–02/M01-11/2026...728...**

**बिहार सरकार**

**शिक्षा विभाग**

प्रेषक,

**मनोरंजन कुमार**
निदेशक(प्रशासन)।

सेवा में,

**सभी क्षेत्रीय शिक्षा उप निदेशक**
**सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी, बिहार।**

पटना, दिनांक...05/06/2026

**विषयः–** **बिहार शिक्षा सेवा (प्रशासन उप सवंर्ग) के पदाधिकारियों का सेवा इतिहास तैयार करने हेतु वांछित सूचना उपलब्ध कराने के संबंध में।**

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि बिहार शिक्षा सेवा (प्रशासन उप संवर्ग) के पदाधिकारियों का सेवा इतिहास तैयार करने हेतु दिनांक 21.05.2026 तक आवश्यक सूचनाएं उपलब्ध कराए जाने के निदेश के बावजूद संलग्न सूची के पदाधिकारियों द्वारा वांछित सूचनाएं अबतक उपलब्ध नहीं करायी गयी है। यह खेदजनक है।

2. इस संबंध में बिहार शिक्षा सेवा के सभी संबंधित पदाधिकारियों के लिए निम्नांकित निदेश है –

**(क)** विहित प्रपत्र में सूचनाओं को अंकित करते हुए सभी संबंधित अभिलेख (स्व अभिप्रमाणित) की प्रति क्रमबद्ध रूप में एक फ्लाईलीफ (पत्रावरण) में संधारित संधारित कर पत्रावरण के पृष्ठ पर पदाधिकारी का नाम पदनाम वर्ष–2026 का सिविल लिस्ट क्रमांक एवं वर्तमान पदस्थापित कार्यालय/विभाग का नाम अंकित करते हुए **दिनांक 12.06.2026** तक निश्चित रूपेण विभाग के प्रशाखा 2 में उपलब्ध कराया जाए।

**(ख)** इसके साथ ही सभी अभिलेखों/प्रमाण पत्रों का अलग–अलग पी.डी.एफ. डाक्यूमेंट उदाहरणतः शैक्षणिक प्रमाण पत्र में स्नातक इत्यादि का अलग–अलग पी.डी.एफ. डाक्यूमेंट तैयार कर पेन ड्राईव (नाम के स्लीप के साथ) में भी उपलब्ध कराया जाए।

3. अनुरोध है कि उपर्युक्त से सभी संबंधित को अवगत कराने की कृपा की जाए। निर्धारित तिथि तक सेवा इतिहास से संबंधित सूचनाएं उपलब्ध नहीं कराये जाने की स्थिति में सूचनाएं उपलब्ध नहीं कराने वाले पदाधिकारियों के विरूद्ध यथोचित कार्रवाई की जाएगी।

अनुलग्नकः– यथोक्त।

विश्वासभाजन,
**ह./–**
**(मनोरंजन कुमार)**
निदेशक (प्रशासन)।

ज्ञापांक :–02/M01-11/2026 ...728... पटना, दिनांक :– 05/06/2026

प्रतिलिपि :–बिहार शिक्षा सेवा (प्रशासन उप संवर्ग) के संबंधित पदाधिकारियों को विभागीय वेबसाईट के माध्यम से सूचनार्थ प्रेषित। अनुरोध है कि यथानिर्दिष्ट अभिलेख दिनांक–12.06.2026 तक उपलब्ध कराने की कृपा की जाए।

**ह./–**
**निदेशक (प्रशासन)।**

ज्ञापांक :–02/M01-11/2026 ...728... पटना, दिनांक :– 05/06/2026

प्रतिलिपि :– माननीय मंत्री के आप्त सचिव/सचिव, शिक्षा विभाग के आप्त सचिव, शिक्षा विभाग/राज्य परियोजना निदेशक, बिहार शिक्षा परियोजना परिषद्/प्रबंध निदेशक, बिहार स्टेट टेक्स्ट बुक पब्लिशिंग कॉरपोरेशन लि./निदेशक, राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद्/प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य शैक्षणिक आधारभूत संरचना विकास निगम/निदेशक (मा०शि०)/निदेशक (प्रा०शि०)/निदेशक (उ०शि०)/निदेशक, मध्याह्न भोजन योजना/निदेशक, जन शिक्षा/निदेशक, बिहार मुक्त विद्यालयी शिक्षण परीक्षा बोर्ड/निदेशक, पुस्तकालय एवं सूचना निदेशालय/सचिव, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना/सचिव, संस्कृत शिक्षा बोर्ड, पटना/सचिव, मदरसा शिक्षा बोर्ड, पटना/आई.टी. मैनेजर, शिक्षा विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

Signed by
Manoranjan Kumar
निदेशक (प्रशासन)।
Date: 05-06-2026 16:12:47